# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 09.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— भारत की फिनटेक यात्रा नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है। इसमें नवाचार और समावेशन को केंद्र में रखा गया है।
- पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी नवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से लोगों से आरोग्य सेतु 2.0 ऐप डाउनलोड कर आभा आई डी बनाने की अपील की गई है।
- राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सुभाषग्राम, में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 'लैंग्वेज क्लब' का उद्घाटन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के फिनटेक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि फिनटेक की सफलता में एकीकृत भुगतान इंटरफेस —यूपीआई का महत्वपूर्ण योगदान है। श्री मोदी ने मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह इतना बड़ा परिवर्तन है कि फिनटेक की चर्चा यूपीआई के बिना अधूरी रहेगी। प्रधानमंत्री ने तकनीकी सशक्तिकरण के अपने मूल सिद्धांत को दोहराते हुए यूपीआई को वित्तीय समावेशन का सबसे अच्छा साधन बताया जिसने पारंपरिक बैंकिंग मॉडलों की ओर से उपेक्षित क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक पैठ बनाई है। प्रधानमंत्री ने बताया कि केवल अगस्त महीने में यूपीआई के माध्यम से चौबीस अरब से अधिक लेनदेन हुए। प्रधानमंत्री ने भारत की प्रमुख डिजिटल भुगतान प्रणाली के वैश्विक विस्तार का जिक्र करते हुए बताया कि यूपीआई अब ग्यारह देशों में उपलब्ध है। श्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान के लिए अगले रणनीतिक चरण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए यूपीआई को साझेदार देशों की घरेलू भुगतान प्रणालियों के साथ तत्काल एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी नवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने लोगों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पोषण एक स्वस्थ, सक्षम और समृद्ध समाज की आधारशिला है। इस वर्ष के पोषण माह का विषय 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' है। यह महीने भर चलने वाला अभियान आहार में विविधता, पर्याप्त प्रोटीन सेवन, ताजा भोजन, सामुदायिक स्वामित्व, शुरुआती बाल विकास और पीएमएमवीवाई के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य पर केंद्रित है। 'मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0' के माध्यम से आहार विविधता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल विकास तथा सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उप–राज्यपाल ने अभिभावकों, युवाओं और समुदाय से पोषण माह में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

भाभा एटॉमिक रिसर्च सेन्टर के वैज्ञानिकों ने द्वीपसमूह में स्मॉल मॉडयूलर रिएक्टर्स की स्थापना के लिए संभावित स्थलों का आकलन शुरू कर दिया है। यह कदम मलाका जलडमरूमध्य के पास भारत द्वारा रणनीतिक और नागरिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के बीच द्वीपसमूह की ऊर्जा क्षमता को मजबूत कर सकता है। बीएआरसी की टीम ने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी को संभावित स्थलों तथा प्रस्तावित स्मॉल मॉडयूलर रिएक्टर्स योजना की अन्य विशेषताओं के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय युवाओं को उनकी नेतृत्व क्षमता, नवोन्मेषी विचारों, रचनात्मकता और विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण के प्रति समाधान प्रदर्शित करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में पन्द्रह से उनतीस वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। इसके अंतर्गत विकसित भारत क्विज़, निबंध प्रतियोगिता, जिला स्तरीय चैम्पियनशिप, राज्य व केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग और नई दिल्ली में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम शामिल है।

इस संबंध में माय भारत आज शाम साढ़े तीन बजे अंडमान महिला मंडल में द्वीपसमूह के युवाओं की अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर रहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, की ओर से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आरोग्य सेतु 2.0 लॉन्च किया गया है। यह ऐप नागरिकों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाता है। इस ऐप के माध्यम से लोग आभा आईडी बना सकते हैं। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को उनके डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच, कागज आधारित पुराने मेडिकल दस्तावेजों को स्कैन कर डिजिटल रिकॉर्ड में बदलने की सुविधा, एआई–आधारित स्वास्थ्य सुझाव, स्कैन और अपनी रिपोर्ट साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। विभाग ने सभी लोगों से आरोग्य सेतु 2.0 ऐप डाउनलोड कर अपनी आभा आईडी बनाने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी.एस.जी. भास्कर ने प्रशासन से द्वीप समूह में आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी और उनकी कीमतों में हो रही अत्यधिक वृद्धि की समस्या को हल करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशक को लिखे अपने पत्र में श्री भास्कर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों के दौरान लगभग हर आवश्यक वस्तु के दाम में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा इस असाधारण मूल्य वृद्धि के कारणों की जांच करने और पूरे द्वीपसमूह में आवश्यक वस्तुओं की नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की अपील की है।

<><><><><><><>

समावेशी शिक्षा पहल के तहत, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सुभाषग्राम, में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए ‘लैंग्वेज क्लब’ का उद्घाटन किया गया। इस क्लब का उद्घाटन ग्राम पंचायत सुभाषग्राम के उप–प्रधान एलेंचेलियन ने किया।

साक्षरता गतिविधियों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के भाषा विकास और सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए समग्र शिक्षा के तहत ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय द्वारा इस पहल का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह आयुर्विज्ञान संस्थान ने GPHAR के सहयोग से 'एडवांसिंग साइंस, एम्पावरिंग फैमिलीज़' विषय के तहत दो दिवसीय ग्लोबल हेल्थ समिट की मेजबानी की। इस शिखर सम्मेलन में चिकित्सा, जनस्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा नवोन्मेष के क्षेत्र में समकालीन चुनौतियों और उभरते विकास पर चर्चा करने के लिए स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं, छात्रों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में विशेषज्ञ व्याख्यान, आदान–प्रदान सत्र, कार्यशालाएं, पेपर और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध, निवारक फार्माकोलॉजी और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया गया।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से मवेशियों के प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने और समय पर निदान व तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से डेयरी किसानों की सहायता करने के निरंतर प्रयासों के तहत कल बम्बूफ्लाट में स्वास्थ्य–सह–बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान गायों की स्वास्थ्य जांच कर पशुपालकों को आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड और कृत्रिम गर्भाधान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं और सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

कृषि निदेशालय में पीएम–आरकेवीवाई के तहत अनुबंध के आधार पर लेखाकार एवं सचिवालीय सहायक के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में उम्मीदवारों की चयनित एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है।

चयनित अभ्यर्थियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

**<><><><><><><>**